प्रेस नोट

**स्वस्थ मतदाता–स्वस्थ लोकतंत्र" की थीम पर किया गया 10 किमी दौड़ का आयोजन**

– सेना,आईटीबीपी,पुलिस समेत 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने किया दौड़ में प्रतिभाग

–अलग–अलग 4 श्रेणियों के प्रथम 5 विजेताओं को किया गया सम्मानित

12 जनवरी 2025,देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम के निर्देशों के क्रम में "स्वस्थ मतदाता–स्वस्थ लोकतंत्र" की थीम पर रविवार को हाथीबड़कला स्थित सर्वे स्टेडियम में 10 किमी दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में भारतीय सेना, आईटीबीपी, उत्तराखण्ड पुलिस, सर्वे ऑफ इंडिया, सचिवालय एथलेटिक क्लब समेत एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एडिशनल सर्वेयर जनरल श्री श्याम वीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि विजेताओं को सम्मानित किया।

दौड़ में विभिन्न श्रेणियों के एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यक्रमानुसार प्रातः 6 बजे ग्राउंड में एकत्र होकर श्रेणीवार चेस्ट नम्बर प्राप्त किए। प्रातः 7 बजे अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे व मुख्य अतिथि एडिशनल सर्वेयर जनरल ने सभी प्रतिभागियों श्रेणीवार एक–एक कर फ्लैग ऑफ करते हुए रवाना किया। प्रतिभागी सर्वे स्टेडियम से न्यू कैंट रोड होते हुए महिंद्रा ग्राउंड का चक्कर लगाते हुए पुनः सर्वे स्टेडियम पहुंचे।

## ये रहे विजेता

ग्रुप ए में पहला दूसरा तीसरा स्थान भारतीय सेना के नाम रहा जिसमें पहले स्थान पर सचिन, दूसरे स्थान पर गौरव भट्ट, तीसरे स्थान पर अनिल, चौथे स्थान पर आशीष रावत एवं पांचवें स्थान पर अनिल गेसवाल रहे।

ग्रुप बी में पहले स्थान पर अनंत रावत, दूसरे स्थान पर वीरेंद्र चौधरी, तीसरे स्थान पर कलम सिंह, चौथे स्थान पर विशाल एवं पांचवें स्थान पर राजेंद्र प्रसाद रहे।

कॉलेज स्टूडेंट्स की कैटेगरी "ग्रुप सी" में पहले स्थान पर नीरज कुमार, दूसरे स्थान पर वीरेंद्र सिंह, तीसरे स्थान पर पमित कुमार, चौथे स्थान पर आयुष एवं पांचवें स्थान पर चंद्रप्रकाश रहे।

महिला कैटेगरी "ग्रुप डी" में पहले स्थान पर तनुश्री चौहान, दूसरे स्थान पर नेहा, तीसरे स्थान पर गुड़िया, चौथे स्थान पर मोनिका, पांचवे स्थान पर राधा यादव रही।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य नागरिकों को मतदान सम्बंधी गतिविधियों के बारे जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस की गतिविधियों के क्रम में इस दौड़ का आयोजन किया गया। आयोजन की नोडल उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री मुक्ता मिश्र ने आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त विभागों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तु दास, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी देहरादून, अपर नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून, स्वीप यूथ आइकन ओलंपियन मनीष रावत सहित भारतीय सेना, आईटीबीपी, पुलिस , सर्वे ऑफ इंडिया के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।